भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3900
(दिनांक 18.12.2024 को उत्तर देने के लिए)

पीआईबी कोलकाता के समक्ष चुनौतियां

3900. श्री जगन्नाथ सरकारः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) कोलकाता को पूरे पश्चिम बंगाल में क्षेत्रीय और जिला स्तरीय मीडिया केन्द्रों के साथ प्रभावी ढंग से संपर्क करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों में मीडिया की भागीदारी सीमित हो गई;

ख) यदि हां, तो पीआईबी कोलकाता द्वारा क्षेत्रीय और जिला मीडिया के साथ अपर्याप्त समन्वय के क्या कारण हैं और साथ ही इस मुद्दे के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या केंद्र सरकार के मंत्रियों की कोलकाता यात्राओं के दौरान मीडिया कवरेज में उल्लेखनीय कमी रही है और यदि हां, तो इस स्थिति के लिए जिम्मेदार कारक कौन से हैं;

(घ) केंद्र सरकार के मंत्रियों की कोलकाता और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों की यात्राओं के दौरान अधिक मीडिया पहुंच और अधिक व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय लागू किए जा रहे हैं;

(ङ) पिछले छह वर्षों के दौरान नदिया जिले में 'वार्तालाप' कार्यक्रम किन कारणों से आयोजित नहीं किया गया है; और

(च) क्या सरकार का जिले में मीडिया सहभागिता बढ़ाने के लिए निकट भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का विचार है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (घ): सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, पहलों और केंद्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर उपलब्धियों की जानकारी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में प्रसारित करने के लिए सरकार की नोडल एजेंसी है। क्षेत्रीय स्तर पर पीआईबी अधिकारी, मुख्यालयों से प्राप्त जानकारी को प्रसारित करने के अलावा, केंद्रीय मंत्रालयों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों द्वारा उनके संबंधित क्षेत्रों में आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की कवरेज भी सुनिश्चित करते हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए पीआईबी, राज्य सरकार के प्राधिकारियों और स्थानीय मीडिया आउट्लेट्स के साथ समन्वय से काम करता है।

(ङ) और (च): वार्तालाप जो कि पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के साथ किए जाने वाले मीडिया सम्मेलन हैं, को आयोजित करते समय पीआईबी सुनिश्चित करता है, कि दूरदराज और वंचित क्षेत्रों सहित सभी क्षेत्रों पर उचित ध्यान दिया जाए। इस उद्देश्य के लिए, वार्तालाप आयोजित करने के स्थानों में बदलाव किया जाता है ताकि क्षेत्र के सभी जिलों में व्यापक कवरेज सुनिश्चित किया जा सकें। वार्तालाप कार्यक्रम दिनांक 22.01.2020 को नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित किया गया था।

*****